GIRLS' HIGH SCHOOL & COLLEGE, PRAYAGRAJ

SESSION - 2020 - 2021

CLASS _ IX. A, B, C, D, E, F

SUBJECT_ HINDI LANGUAGE

REVISION TEST_ 1

TIME:- 30 MINUTES

M.M:- 25

निर्देश - यह परीक्षा अभिभावकों के निरीक्षण में होनी है। अभिभावक यह सुनिश्चित करें कि विद्यार्थी इस प्रश्न-पत्र को हल करने में केवल 30 मिनट लें। विद्यार्थी अभिभावकों की सहायता से मूल्यांकन करके अंक दें। मूल्यांकन के लिए अभिभावक लाल या किसी रंगीन कलम का प्रयोग कर सकते हैं। पिता या माता दिए गए अंक की जगह पर हस्ताक्षर करें। मूल्यांकित कार्य पत्रक को संभाल रखना है और जब विद्यालय खुले तो प्रस्तुत करना है।

अपठित गद्यांश

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

जीवन का दूसरा नाम संग्राम है। यह संग्राम जन्म से आरंभ होकर जीवन पर्यन्त जारी रहता है। प्राचीन पुराणों में देवासुर संग्राम का उल्लेख है, जिसमें विष्णु की कूटनीति से देवताओं ने असुरों से संधि का प्रस्ताव रखा। इसके अनुसार समुद्र मंथन मिलकर



Scanned with CamScanner

करना तय हुआ। निश्चय किया गया कि इस मंथन से प्राप्त वस्तुओं को वे दोनों संयुक्त रूप से विभक्त कर लेंगे। मंदराचल पर्वत को मथानी, शेषनाग को रस्सी तथा स्वयं भगवान विष्णु ने कच्छप के रूप में इस प्रकार से सहयोग दिया। अभिमानी दैत्य सर्प के मुँह तथा देव पूँछ की ओर लगे। कार्य समाप्त हुआ। रत्नों का विभाजन हुआ। इसमें स्थ कमल, मणि, लक्ष्मी, पद्म, शंख, हाथी आदि देवों को तथा घोड़ा आदि दानवों को प्राप्त हुआ। मदिरा दानवों ने तथा हलाहल विष को भगवान शंकर ने पान कर कंठ में धारण किया और नीलकंठ कहलाए।

अमृत निकलने पर छीन-झपट आरंभ हुई। विष्णु ने चालाकी से दैत्यों को मदिरा तथा देवों को अमृत पिलाया। उधर राहु नामक दैत्य ने छल से अमृत पी लिया। विष्णु ने चक्र से उसका सिर काट दिया, किंतु वह अमर हो गया।

प्रश्न-1. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - 5x1 = 5

(i) जीवन

(ii) आरंभ

(iii) प्राचीन

(iv) निश्चय

(v) अमृत

प्रश्न-2. निम्नलिखित शब्दों के लिए दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - 5x1 = 5

(i) कमल

(ii) घोड़ा

(iii) लक्ष्मी



Scanned with CamScanner

(iv) अभिमान

(v) पदम

प्रश्न-3 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए - 5x1 = 5

(i) पान

(ii) कंठ

(iii) दैत्य

(iv) संग्राम

(v) मदिरा

प्रश्न-4 निम्नलिखित शब्दों के विशेषण बनाइए - 5x1 = 5

(i) पुराण

(ii) विष्णु

(iii) दल

(iv) पर्वत

(v) देव

प्रश्न-5. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए - 5x1=5

(i) जो कभी न मरे

(ii) नीति में कुट (चालाक)

(iii) जन्म से लेकर मृत्यु तक

(iv) नीला है कंठ जिसका

(v) जिसका उल्लेख किया जा सके

———E N D———



Scanned with CamScanner